महत्वपूर्ण एवं खास

चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। तेलीबांधा पुलिस ने सुलभ के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुलभ के पास चाकू लेकर आतंक फैलाते आरोपी ईकबाल खान 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

गांजा के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। टिकरापारा पुलिस ने बिना नंबर की एक्टिवा वाहन से गांजा परिवहन करते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 किलो 998 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर प्रज्ञा होटल के पास दावड़ा कालोनी में दबिश देकर बिना नंबर की एक्टिवा वाहन में आरोपी मोहम्मद अमीरूदीन 22 वर्ष और लक्ष्मण कौशल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 किलो 998 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 13 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

ग्रामीणों के विरोध पर पुलिस ने की कार्यवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त

बलरामपुर (आरएनएस)। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के रामचंद्रपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम लिबरा की कन्हर नदी में झारखंड के लोगों द्वारा कई दिनों से अवैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों द्वारा लगातार विरोध के बावजूद यह अवैध गतिविधि नहीं रुक रही थी। शनिवार की शाम जब ग्रामीणों ने एकजुट होकर नदी में पहुंचकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया, तो पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। सनवाल थाना प्रभारी दिव्यकांत पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध रेत उत्खनन में प्रयुक्त तीन ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना ले आए। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि ग्रामीणों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई और इस मामले में अग्रिम कार्यवाही तहसीलदार द्वारा की जाएगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, झारखंड से आने वाले ट्रैक्टरों द्वारा छत्तीसगढ़ सीमा की कन्हर नदी से रेत निकालकर लगातार झारखंड ले जाया जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार इस अवैध कार्य का विरोध किया, लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अंततः ग्रामीणों के सशक्त विरोध के बाद प्रशासन हरकत में आया और पुलिस द्वारा अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने की पहल की गई।

विश्वभर में 12 मई को 24 लाख घरों में एक साथ होगा गायत्री महायज्ञ

कोरबा (आरएनएस)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 12 मई को पूरे विश्व में एक साथ गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ में 24 लाख घरों में एक साथ हवन करने का लक्ष्य रखा गया है। यह आयोजन सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12रू30 बजे तक होगा। गायत्री परिवार के साधक घर-घर जाकर संपर्क कर अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। विशेष अवसरों पर एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है, जबकि सामूहिक रूप से पांच, नौ, चैबीस, इक्यावन और 108 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का क्रम भी चल रहा है। जिन घरों में जन्मदिवस, विवाह दिवस, नामकरण, अन्नप्रासन जैसे शुभ अवसर हैं, वहां विशेष रूप से एक कुण्डीय गायत्री यज्ञ किया जा रहा है। इसी कड़ी में मोनेश राठौर और केदार शर्मा के घर अक्षय तृतीया के अवसर पर यज्ञ किया गया और उन्हें इस अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। गायत्री परिवार ने आग्रह किया है कि जो लोग बुद्ध पूर्णिमा को गायत्री यज्ञ कराना चाहते हैं, वे समीप के प्रज्ञापीठ, शक्तिपीठ से संपर्क कर सकते हैं। यह अभियान 2026 की बसंत पंचमी तक चलेगा।

चार मकान मालिकों के विरुद्ध किराएदारों से संबंधित जानकारी नहीं देने पर की गई, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

❒ कुनकुरी में बाहर से आकर रह रहे 32 व्यक्तियों के दस्तावेजों की की गई जांच, फिंगर प्रिंट लेकर तैयार किया जावेगा डेटा बेस, रखी जावेगी सतत निगरानी

जशपुर | आरएनएस

चार मकान मालिकों के विरुद्ध किराएदारों से संबंधित जानकारी नहीं देने पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। जशपुर जिले के नगर पंचायत कुनकुरी में में बाहर से आकर रह रहे 32 व्यक्तियों के दस्तावेजों की पुलिस के द्वारा जांच की गई है। बाहर से आकर रह रहे लोगों का फिंगर प्रिंट लेकर डेटा बेस्ट तैयार किया जाएगा और उन पर शरद निगाहें राख जावेगी रखी जावेगी।

जिले के कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने व अपराध की रोकथाम हेतु ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के दिशा निर्देश पर रविवार सुबह पांच बजे से कुनकुरी में अवैध प्रवासियों व संदिग्ध किरायदारों की जांच हेतु विशेष सर्च अभियान चलाया गया।

इस दौरान पुलिस के द्वारा संपूर्ण कुनकुरी टाउन में 32 बाहरी व्यक्तियों की पहचान की गई, जो कि पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश व झारखंड से आकर किराएदार के रूप में रह रहे थे, जिनमें से अधिकांश व्यक्ति फेरी लगाने व ठेका मजदुर के रूप में कार्य करते हैं। पुलिस के द्वारा उनके आधार कार्ड, राशन कार्ड, जैसे अन्य दस्तावेजों की जांच की गई, दस्तावेजों की सत्यता के संबंध में जांच प्रक्रिया जारी है। पुलिस के द्वारा सभी बाहरी व्यक्तियों का फिंगरप्रिंट, लेकर डेटाबेस भी तैयार किया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक इस अभियान का उद्देश्य उन बाहरी व्यक्तियों की पहचान करना है जो कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे किराए के मकान में रह रहे हैं, जिनके द्वारा कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जा सकता है।

पुलिस ने मकान मालिकों से अपील की है कि, नए किरायेदार को मकान देने के पूर्व उनके समस्त जानकारी व पहचान दस्तावेज, पुलिस द्वारा जारी किए गए फार्म में भरकर संबंधित थाने में अवश्य जमा करें, पुलिस के द्वारा किराएदारों का सत्यापन किया जावेगा व निगरानी रखी जावेगी।

यदि मकान मालिक किराएदारों की जानकारी संबंधित थाने में जमा नहीं करता है व किराएदार किसी अपराध में सम्मिलित पाया जाता है तब संबंधित मकान मालिक के विरुद्ध पुलिस के द्वारा कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस ने किराएदारों के संबंध में जानकारी थाने में नहीं देने पर, चार मकान मालिकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। मो. तैयब अली, उम्र 59 वर्ष निवासी आजाद मोहल्ला, कुनकुरी, लखनलाल, उम्र 54 वर्ष, निवासी, बेंदराभदरा, कुनकुरी , रफीक खान, उम्र 52 वर्ष, निवासी सुखबाशु पारा, कुनकुरी एवं तबरेज हुसैन, उम्र 31 वर्ष, निवासी इस्लाम नगर, कुनकुरी के खिलाफ किरायेदारों से संबंधित जानकारी कुनकुरी थाने में जमा नहीं करने के कारण प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

मामले को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि अवैध प्रवासियों के संबंध में जांच पड़ताल हेतु, जशपुर पुलिस का जो अभियान चल रहा है, उसके तहत आज कुनकुरी में अभियान चलाया गया, दस्तावेजों की जांच की जा रही है, कुछ मकान मालिक जो किराएदारों की जानकारी नहीं दिए थे ,उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जावेगी।

कोरिया में मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन

❒ विज्ञान की ओर एक नई उड़ान

रायपुर | आरएनएस

शनिवार 10 मई की संध्या को कोरिया जिले के बैकुण्ठपुर स्थित शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहाँ विज्ञान और खगोलशास्त्र के प्रति जिज्ञासा की चमक बच्चों की आँखों में स्पष्ट दिखाई दी। जिले के 500 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता के साथ आयोजित मेगा स्काई वॉचिंग कार्यक्रम विज्ञान शिक्षा को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन की विशेष बात यह रही कि इसमें विद्यार्थियों ने केवल वैज्ञानिक तथ्यों को सुना ही नहीं, बल्कि उन्हें प्रत्यक्ष रूप से अनुभव भी किया। टेलीस्कोप की सहायता से चंद्रमा, मंगल और बृहस्पति ग्रह का प्रत्यक्ष अवलोकन करना विद्यार्थियों के लिए किसी रोमांचक यात्रा से कम नहीं था। एलईडी स्क्रीन के माध्यम से ब्रह्मांडीय घटनाओं का प्रदर्शन भी बेहद आकर्षक और शिक्षाप्रद रहा। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन कोरिया, जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी तथा ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करना तथा खगोल विज्ञान जैसे विषयों में रुचि उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर चंदन त्रिपाठी रहीं, जिनके साथ जिला पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे और जिला पंचायत उपाध्यक्ष वंदना रजवाड़े भी मौजूद रहे। इन अधिकारियों ने बच्चों की उत्सुकता और सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी में वैज्ञानिक चेतना और सोच को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में शामिल वैज्ञानिक प्रतिनिधियों पतित पावन कुइला, विजय कुमार, पूजा शर्मा और कमल डडसेना ने ब्रह्मांड से जुड़े रोचक तथ्यों को सरल भाषा में विद्यार्थियों के समक्ष रखा। टेलीस्कोप विशेषज्ञ जीवन साहू और नीरज कुमार ने तकनीकी व्याख्यान के साथ-साथ उपकरणों की व्यवहारिक जानकारी भी दी। जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गुप्ता की उपस्थिति से शिक्षा जगत की सहभागिता और अधिक सशक्त हुई। कार्यक्रम में जिले के शासकीय और अशासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ संस्था प्रमुख, शिक्षकगण और अभिभावकों की भी भागीदारी रही। शाम 5 बजे शुरू हुए इस आयोजन में सभी आयु वर्ग के लोगों ने खगोल विज्ञान की इस अनोखी यात्रा का आनंद लिया।

इस विशेष पहल ने विद्यार्थियों को न केवल आकाशगंगा और सौरमंडल से जोड़ा, बल्कि उनके भीतर विज्ञान के प्रति एक नई ऊर्जा और जिज्ञासा का संचार भी किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। कार्यक्रम का मूलमंत्र मानवता के लिए विज्ञान, समाज के लिए विज्ञान, सोच में विज्ञान को न केवल समझा गया, बल्कि उसे जिया भी गया। जिला प्रशासन द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थाओं से अधिकतम विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील भी रंग लाई, जिससे विज्ञान एक जटिल विषय नहीं, बल्कि अनुभव करने योग्य जीवंत विषय बनकर सामने आया।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर किसान कर रहे टमाटर की खेती

❒ उन्नत विधि अपना कर टमाटर की खेती से 55 हजार से अधिक का हुआ मुनाफा

जशपुरनगर | आरएनएस

राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर मनोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टेम्पू के किसान सुनील भगत द्वारा टमाटर की खेती की गई। उद्यानिकी विभाग से परामर्श बाद टमाटर का जीके देशी किस्म लगाया, जिसमें प्रति एकड़ 9 टन उत्पादन हुआ। उन्होंने बताया कि सीजन अनुसार सब्जी की खेती करते हैं। इस सीजन में लगभग 85 हजार 500 रूपए का टमाटर ब्रिकी किया। कुल लागत राशि राशि काटकर किसान भगत को 55 हजार 500 रूपए का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है। किसान द्वारा अन्य योजनाओं का लाभ लेकर खेती किया जा रहा है। अब वे ड्रीप, मिल्चिंग को लेकर खेती की उन्नत विधि से जुड़ने की ओर अग्रसर है।

अन्य किसानों पर कृषक की सफलता का प्रभाव

ग्राम पंचायत टेम्पू एवं आस-पास के ग्राम पंचायत के किसान सुनील भगत की खेती देख कर, उन्नत खेती करना शुरू कर दिया है।

कृषि तकनीक हेतु विभागीय योजनाओं से निरंतर जुड़ रहे हैं। ताकि अधिक लाभ लें सके।

आदिवासी युवती को कथित तौर पर बेचने का मामला बालको थाना में शिकायत के बाद नहीं हुई कार्यवाई

कोरबा | आरएनएस

जिले के बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला में एक आदिवासी युवती को कथित तौर पर बेचने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता विष्णु मंझवार ने आरोप लगाया है कि गांव का ही रहने वाला सुखनंद उरांव उनकी 21 वर्षीय पुत्री अमृता मंझवार को आठ महीने पहले एक साल के कथित एग्रीमेंट पर पंजाब भेजकर बेच दिया।

पिता विष्णु मंझवार ने बताया कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी और जब उन्होंने सुखनंद से बेटी के बारे में पूछा तो जवाब मिला कि "बेटी को काम के लिए भेजा गया है। पिता ने बताया कि वे कई बार अपनी बेटी से संपर्क करने की कोशिश कर चुके हैं, लेकिन कोई बातचीत नहीं हो सकी। परिजनों में डर और चिंता का माहौल है और उन्हें आशंका है कि बेटी के साथ कुछ अनहोनी हो सकती है। पिता ने बालको थाना में शिकायत दी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

पिता ने मांग की है कि उनकी बेटी को सकुशल वापस लाया जाए और जिन एजेंटों व कथित ठेकेदारों ने यह सौदा किया है, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। स्थानीय प्रशासन और पुलिस से निवेदन है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द कार्रवाई करें ताकि आदिवासी समाज में विश्वास कायम रह सके। इस मामले में पुलिस ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया है, लेकिन जांच शुरू कर दी गई है। देखना यह है कि पुलिस इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और पीड़ित परिवार को न्याय मिलता है या नहीं।

दीगर राज्य बिहार में धोखाधड़ी कर 5403043 रूपये गबन कर कर फरार आरोपियों को पकड़ने में मिली सफलता

❒ आरोपी बिहार में अपराध कर थाना वैशाली नगर क्षेत्र में रह रहे थे लुक छुप कर

❒ दुर्ग पुलिस टीम द्वारा सहयोग कर आरोपियों को पकड़क़र बिहार पुलिस को किया सुपुर्द

दुर्ग | आरएनएस

थाना कल्याण बिगहा जिला नालंदा, बिहार के अप.क्र. 22/25 धारा 316(3), 318(4) बीएनएस के प्रकरण में आरोपीगण सत्येन्द्र कुमार एवं रितिक कुमार साकिनान ग्राम गोड़ीपार थाना हरनौत जिला नालन्दा बिहार जो कल्याण बिगहा के किसानों के अनाज का 5403043 रू. का गबन कर भागकर थाना वैशाली नगर क्षेत्रान्तर्गत लुक छिप कर रह रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए सहयोग करने हेतु थाना कल्याण बिगहा बिहार की उप निरीक्षक सुषमा कुमारी द्वारा थाना प्रभारी वैशाली नगर को लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। निर्देशानुसार उनि अमित कुमार अंदानी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर थाना कल्याण बिगहा बिहार की उप निरीक्षक सुषमा कुमारी के साथ आरोपियों की पता तलाश करने पर आरोपी अपने रिश्तेदार के यहां रामनगर में होने की जानकारी मिली। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पकड़क़र थाना वैशाली नगर लाया गया। बाद विधिवत अग्रिम कार्यवाही के दोनों आरोपी सत्येन्द्र कुमार एवं रितिक कुमार साकिनान ग्राम गोड़ी पार थाना हरनौत जिला नालन्दा बिहार को थाना कल्याण बिगहा, जिला नालन्दा पुलिस टीम के सुपुर्द किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में वैशाली नगर पुलिस टीम की भूमिका उल्लेखनीय रही।

आरोपी -

1- सत्येन्द्र कुमार
2- रितिक कुमार
साकिनान ग्राम गोड़ी पार थाना हरनौत जिला नालन्दा बिहार

गेवरा कोल माइंस में जल्द होगा गेटपास सिस्टम लागू

कोरबा | आरएनएस

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड गेवरा क्षेत्र की गेवरा माइंस के कोल स्टॉक बी-2 में दो गुटों में हुई मारपीट के बाद कई प्रकार के सवाल खड़े हुए हैं। इसके साथ ही जवाबदेही तय करने पर भी दबाव बना हुआ है। कर्मचारियों से लेकर ट्रांसपोर्टर के स्टाफ में बने हुए भय को दूर करना जरूरी हो गया है। इधर सीआईएसएफ ने सुरक्षा के मसले पर प्रबंधन से बात की है। कहा गया कि जल्द ही गेटपास सिस्टम लागू किया जाएगा जिससे कि गैरजरूरी लोगों के प्रवेश को सख्ती से रोका जा सके।

गेवरा माइंस दुनिया की दूसरी बड़ी ओपन माइंस है। एसईसीएल में यह अव्वल दर्जे की है। लगातार कोयला उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ विभिन्न उपभोक्ताओं की जरूरत यहां से पूरी हो रही है। रोडसेल से दिया जाने वाले कोयला के जरिए कोल लिफ्टर्स और उस पर आश्रित लोगों की जीविका चल रही है और जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। इन सबके बीच ज्यादा कमाने के होड़ के फेर में अनापेक्षित प्रयास भी किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में गेवरा के बी-2 कोल स्टॉक में हाल के दिनों में मारपीट हुई। जिसमें रूंगटा से जुड़े दो कामगार बुरी तरह से जख्मी हो गए। दीपका पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। घटनाक्रम में खदानों में कोयला का उठाव किए जाने और सुरक्षा से संबंधित मसलों को लेकर चिंता जताई जा रही है। भय के बीच काम हो रहा है लेकिन हर किसी को जीवन की चिंता ज्यादा है, और यह स्वाभाविक भी है।

खबर के अनुसार गेवरा माइंस के कोल स्टॉक में वर्ष 2025 के सबसे बड़े हिंसक घटनाक्रम की खबर कोल इंडिया के साथ-साथ सरकार तक पहुंची है। अलग-अलग माध्यम से होकर जो चीजें अधिकारियों के पास गई है उससे स्थिति गंभीर हो गई। बताया गया कि प्रबंधन का सिरदर्द इससे बढ़ा है। सीआईएसएफ की ओर से सुरक्षा की मजबूती को लेकर प्रबंधन को अहम सुझाव दिए गए हैं और उन पर अमल करने को जरूरी बताया गया है। सूचनाओं में कहा गया कि प्रबंधन को गेवरा माइंस के विभिन्न कोल स्टॉक में काम करने वाले पात्र लोगों के मामले में अलग से गेटपास जारी करना होगा। ऐसा होने पर विधिवत पहचान हो सकेगी कि स्पेसिफिक एरिया में जो लोग काम कर रहे हैं वे सत्यापित हैं। गेटपास होने से दूसरे गैर जरूरी पहुंच रोकी जा सकेगी। प्रबंधन ने इस सुझाव को सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया है और यथाशीघ्र अलग-अलग स्पॉट पर काम करने वाले कोल लिफ्टर्स व संबंधितों की सूची उपलब्ध कराने की बात कही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

छत्तीसगढ़ में तेज धूप और भीषण गर्मी, कई जिलों में बारिश के आसार

रायपुर | आरएनएस

प्रदेश के कई हिस्सों में रविवार को हल्की मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन की संभावना है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से बारिश और गरज-चमक की गतिविधियों में कमी आई है। इससे प्रदेश में मौसम में बदलाव देखने को मिला है। इन दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिसके वजह से लोगों को चिलचिलाती धुप में घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। हालांकि अब इस गर्मी से राहत मिल सकती है।

रविवार को प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन की संभावना है। वहीं प्रदेश के कई जिलों में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को मौसम में बदलाव हो सकता है। दोपहर के बाद दक्षिण बस्तर समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी तूफान के साथ बारिश हो सकती है। यह अगले दो दिनों तक गतिविधि जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। वहीं 12 से 14 मई तक मध्यम से तीव्र मेघ गर्जन होने की संभावना है। इससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। हालांकि आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

अगले चार दिनों में उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं दक्षिण भागों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। बताया जा रहा है कि वेस्टर्न डिस्टर्बेंस और द्रोणिका के असर से प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी-तूफान होने की संभावना है। साथ ही बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है।

यहां बारिश के आसार

मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बस्तर, बीजापुर और दंतेवाड़ा समेत प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है।